सड़क किनारे अवैध रूप से बिल्डिंग मटेरियल, गुमटी रखने वाले व्यापारी पर निगम की टीम ने की कार्यवाही

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत हुड़को क्षेत्र में दिव्या कन्सट्रक्शन स्टील सप्लायर द्वारा सामग्री रखकर व्यापार किया जा रहा था। स्थानीय निवासियो द्वारा शिकायत की गई, जिसके आधार पर कलेक्टर महोदया सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन 01 के अधिकारियो को निर्देशित किए, कि स्थल का जांच करे। राजस्व की टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान देखा की दिव्या कन्सट्रक्शन के संचालक द्वारा सड़क किनारे सामग्री रखकर विक्रय किया जा रहा है। नगर निगम का दल पहुचने से पहले ही सप्लायर दुकान बंद करके भाग गया। कार्यपालक मजिस्टेड फुलेश्वरनाथ खुटे, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के उपस्थिति में मौके पर पंचनामा बनाकर बिल्डिंग मटेरियल सामग्री को जप्त किया गया। इसी प्रकार जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर क्षेत्र वार्ड 41 छावनी लक्ष्मण नगर, ट्रान्सपोर्ट नगर पहुंच मार्ग के समीप अवैध रूप से संचालित गुमटियों को पुलिस बल, जोन आयुक्त सतीश यादव की उपस्थिति में बेदखली की कार्यवाही कर गुमटियों को हटवाया गया। कार्यवाही के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, बालकृष्ण नायडू, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, पुलिस विभाग से सहायक निरीक्षक भूपेन्द्र यादव एवं निगम के स्वास्थ्य विभाग से सागर दुबे, प्रहलाद लहरी, दुर्याधन साहू, गणित बघेल, कन्हैया यादव, गौकरण कुर्रे, खेमलाल आदि उपस्थित रहे।